26213 - वह तवाफ़-ए-इफ़ाज़ा का एक चक्कर भूल गया

प्रश्न

यदि कोई हाजी तवाफ़-ए-इफ़ाज़ा करता है और एक चक्कर भूल जाता है, और उसे उस समय पता चलता है, जब वह मस्जिद-ए-हराम से बाहर निकल जाता है, तो इसका क्या हुक्म है?

विस्तृत उत्तर

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

अगर हाजी तवाफ़-ए-इफ़ाज़ा करे और कोई चक्कर भूल जाए, और अंतराल लंबा हो जाए, तो वह अपने तवाफ़ को दोहराएगा। लेकिन अगर थोड़ा समय बीता है, तो वह उस चक्कर को करेगा, जो वह भूल गया था।

और अल्लाह ही सामर्थ्य प्रदान करने वाला है। तथा अल्लाह हमारे नबी मुहम्मद, आपके परिवार और साथियों पर दया और शांति अवतरित करे।